कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, मेड़ता (राज.)

क्रमांक 02 स्था. दिनांक 05 मई, 2023

–: परिपत्र :–

मेड़ता न्यायक्षेत्र में पदस्थापित/कार्यरत पीठासीन अधिकारीगण यह सुनिश्चित करें कि उनके यहाँ लम्बित आपराधिक प्रकरणों में जिनमें अभियुक्त न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे है, उन प्रकरणों की सुनवाई जरिए विडियो कॉन्फ्रेसिंग से आवश्यक रूप से करें एवं जिस प्रकरण में अभियुक्त की उपस्थिति व्यक्तिशः रूप से आवश्यक हो उनके वारण्ट पर व्यक्तिशः रूप से उपस्थित रखने हेतु नोट अंकित किया जावे।

आपराधिक प्रकरणों में अभियोजन पक्ष के साक्षीगण के बयान जरिए विडियो कॉन्फ्रेसिंग से करवाने हेतु अभियोजन पक्ष द्वारा निवेदन करने पर गवाहान के बयान जरिए विडियो कॉन्फ्रेसिंग आवश्यक रूप से वांछित एवं अपेक्षित नियमानुकुल प्रक्रिया अपनाकर दर्ज किया जावे।

न्यायालयों में लम्बित दीवानी एवं फौजदारी प्रकरणों की सुनवाई हाईब्रिड तरीके से अधिवक्तागण एवं पक्षकारान की सुविधानुसार आवश्यक रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

उपर्युक्त निर्देशों की सख्ती से पालना की जावे।

(मदनलाल भाटी)
जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
मेड़ता। 05/05/2023

क्रमांक 2170-2176 स्था. दिनांक 05 मई, 2023

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

01. न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय/मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, मेड़ता.
02. विशिष्ट न्यायाधीश, पोक्सो न्यायालय नं.01, नं.02 मेड़ता/नागौर.
03. समस्त अधीनस्थ न्यायालय, मेड़ता.
04. कार्यकारी कम निजी सहायक, जिला एवं सेशन न्यायालय, मेड़ता.
05. सिस्टम ऑफिसर, जिला एवं सेशन न्यायालय, मेड़ता.
06. रक्षित पत्रावली.

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
मेड़ता। 05/05/2023